## पत्नी बेटी की हत्या, पति फरारः गला दबाकर ईंट से चेहरा कुचला, पड़ोसी बोले दोनों में अक्सर झगड़ा होता था

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मां बेटी की हत्या की गई है। पति फरार है, उसी पर पत्नी और बेटी की हत्या का शक है। मामला थाना इरादतनगर के वृथला गांव का है। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। वृथला गांव में कृष्णकांत अपने परिवार के साथ रहता है। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। डीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कृष्णकांत की पत्नी कृष्णा और बेटी लाडो की हत्या हो गई है। पुलिस पहुंची तो घर में मां और बेटी की लाश मिली। पुलिस उपायुक्त ईस्ट सैयद अली अब्बास ने बताया महिला कृष्णा के चेहरे पर चोट के निशान थे। गले पर भी निशान मिले हैं। ऐसा लग रहा है कि गला दबाने के बाद ईंट से चेहरे को कूंचा गया है। वहीं, बच्ची के मुंह से झाग निकल रहे थे। पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे कृष्णकांत को जाते देखा था। इसके बाद से उसका पता नहीं है। पति पत्नी के बीच में अक्सर झगड़े होते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना इरादतनगर क्षेत्र के बृथला गांव में मंगलवार एक दिल दहला देने वाली डबल मर्डर की वारदात सामने आई। यहां के सराफा व्यवसायी कृष्णकांत पुत्र रामबाबू ने कथित तौर पर घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी (38) वर्षीय कृष्णा और 12 वर्षीय बेटी लाड़ो की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह सुबह पांच बजे बाइक लेकर फरार हो गया। दो बेटे जो इस समय आगरा में अपने मामा के यहां गए हुए थे, इस नरसंहार से बच गए।




**बंद दरवाज़ा और भीतर पड़ी थीं लाशें**

घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब एक पड़ोसी अपनी बाइक की चाबी लेने कृष्णकांत के घर पहुंचा। उसने देखा कि घर की कुंडी बाहर से बंद थी। खटखटाने पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर झांक कर देखा तो सन्न रह गया। अंदर कृष्णकांत की पत्नी कृष्णा और बेटी लाड़ो के शव पड़े थे।पड़ोसी ने तत्काल गांव वालों को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची इरादतनगर पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़कर शवों को बाहर निकाला।

**पत्नी को ईंट से कुचला, बेटी को ज़हर देने की आशंका**

पुलिस ने जांच में पाया कि कृष्णा की मौत सिर पर ईंट से वार के चलते हुई है, जबकि बेटी लाड़ो के मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे ज़हर देने की आशंका जताई जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

**गांव से कटा-कटा रहता था आरोपी**

गांव वालों के अनुसार आरोपी कृष्णकांत गांव में किसी से मेलजोल नहीं रखता था। यहां तक कि किसी को यह तक नहीं पता कि उसकी पत्नी किस गांव की मूल निवासी थी। यह सामाजिक अलगाव अब हत्या की जांच में एक गंभीर कड़ी बन सकता है।

**दुकान का कर्मचारी चाबी लेने पहुंचा तो पता चला**

आरोपी पति कृष्णकांत की गांव में ही ज्वेलर्स की दुकान है। दोपहर करीब 12 बजे दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी पहुंचा तो दुकान बंद थी। इस पर कर्मचारी घर पहुंचा। घर में दरवाजा खुला था। आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो अंदर घुस गया। देखा तो कमरे में मां बेटी का खून से लथपथ शव पड़ा था। फिर उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

**पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश जारी**

घटना के बाद से आरोपी कृष्णकांत फरार है। पुलिस द्वारा इलाके में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। कॉल डिटेल्स खंगाले जा रहे हैं और मायके पक्ष को सूचना भेज दी गई है।

**हर पहलू से जांच**

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये थे। पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम मामले की हर एंगल से जांच कर रही है, जिसमें कॉल रिकॉर्ड्स को खंगाला जा रहा है और पारिवारिक विवाद की पृष्ठभूमि की जानकारी भी की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस मान रही है कि कृष्णकांत ने ही पत्नी और बेटी की हत्या की है क्योंकि वह फरार है और सुबह पांच बजे लोगों ने उसे घर से जाते हुए देखा है।

**गांव में सन्नाटा, गुस्सा और खौफ**

इस डबल मर्डर की वारदात से पूरे बृथला गांव में सन्नाटा और खौफ का माहौल है। ग्रामीणों में गुस्सा भी है कि ऐसा खौफनाक कृत्य एक स्थानीय व्यापारी द्वारा किया गया।

**दो बेटे बुआ के घर गए थे**

शाहगंज में पृथ्वी नाथ फाटक की रहने वाली कृष्णा (40) की शादी करीब 16 साल पहले वृथला के कृष्णकांत के साथ हुई थी। कृष्णकांत के तीन बच्चों में दो बेटे और 12 साल की बेटी लाडो थी। दोनों बेटे बुआ के घर गए थे। घर में पत्नी कृष्णा, बेटी और पति ही थे। मंगलवार तड़के लोगों ने कृष्णकांत को बाइक से गांव के बाहर जाते देखा था।

## नवविवाहिता पर ससुरालियों से मारपीट कर नगदी लेकर फरार होने का आरोप

### एसडीएम ने पुलिस को दिए जांच के निर्देश,पुलिस करेगी जांच

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के गांव जिंदपुरा में एक नवविवाहिता पर अपने मायके वालों के साथ मिलकर ससुरालियां से मारपीट करने ओर घर से नगदी व जबरात लकर फरार हान का मामला सामन आया है। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी से की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिंदपुरा निवासी गीतम सिंह ने अपने पुत्र धर्मेंद्र सिंह का विवाह करीब 18 माह पूर्व मथुरा जिले के थाना रिफाइनरी क्षेत्र क गांव समसपुर निवासी नत्रपाल की पुत्री प्रियंका के साथ किया था।



आराप है कि विवाह की कुछ समय बाद नवविवाहिता क पिता ने अपनी मजबूरी का हवाला दकर ससुराल पक्ष से एक लाख रुपए उधार लिए थे।पीड़ित परिवार के अनुसार, 22 अगस्त 2024 को प्रियंका का भाई काना ससुराल आया और पचास हजार रुपए की नगदी मांगकर ले गया। जब धर्मेंद्र सिंह न प्रियंका स इस बाबत बात की, ता प्रियंका ने अपन मायके वालों को बुला लिया। इसक बाद प्रियंका, उसके पिता नत्रपाल ओर भाई काना न ससुरालियां से अभद्रता की ओर घर में रखे करीब 10 तोला सोने के गहने, 100 ग्राम चांदी और 50 हजार रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए।पीडित गीतम सिंह ने मंगलवार को एसडीएम किरावली नीलम तिवारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत क बावजूद थाना किरावली पुलिस न अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है।इस मामले में उपजिलाधिकारी नीलम तिवारी ने सहायक पुलिस आयुक्त अछनेरा को निर्देश दिए हैं कि दोनों पक्षों को बुलाकर जांच कर शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## आगरा मैट्रोः शहर में टनल का निर्माण पूर्ण कर विदाई की ओर चली टीबीएम, अब मेट्रो ट्रेन दौड़ाने की कवायद होगी तेज

**आगरा मेट्रो के अंडरग्राउंड निर्माण में हासिल हुआ महत्वपूर्ण पड़ाव, टीबीएम मशीनों ने टनल निर्माण का कार्य किया पूरा, मनकामेश्वर पर हुआ आज आखिरी ब्रेक थ्रू, यूपीएमआरसी ने एमडी श्री सुशील कुमार और मण्डल आयुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की उपस्थिति में बना इतिहास, कहा- आगरा मेट्रो के अंडरग्राउंड निर्माण में हासिल हुआ महत्वपूर्ण पड़ाव, टीबीएम मशीनों ने टनल निर्माण का कार्य किया पूरा, मनकामेश्वर पर हुआ आज आखिरी ब्रेक थ्रू**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा के बीच बन रहे प्रथम कॉरिडोर के प्रयोरिटी सेक्शन में रिकॉर्ड टाइम में टनल का निर्माण पूरा किया। इसके बाद आज मनकामेंश्वर मेट्रो स्टेशन पर स्थित रिट्रीवल शाफ्ट पर अंतिम ब्रेकथ्रू हासिल कर शहर में टनल निर्माण कार्य को पूरा कर टीबीएम विदाई की ओर बढ़ चली है। आगामी समय में शहर को गति देती आगरा मेट्रो ट्रेनें टनल से गुजरेंगी तो टीबीएम के योगदान को जरूर याद किया जाएगा। मंगलवार को मनकामेंश्वर मेट्रो स्टेशन पर स्थित रिट्रीवल शाफ्ट पर अंतिम ब्रेकथ्रू हासिल कर आगरा मेट्रो के भूमिगत भाग में टनल निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस दौरान आगरा मंडल के मंडलायुक्त श्री शैलेंद्र कुमार सिंह, यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक श्री सुशील कुमार, निदेशक (रोलिंग स्टॉक) श्री नवीन कुमार, निदेशक (संचालन) श्री प्रशांत मिश्रा , निदेशक (वर्क एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर) श्री सीपी सिंह, आगरा मेट्रो के परियोजना निदेशक श्री अरविंद कुमार राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर यूपी मेट्रो के एमडी, श्री सुशील कुमार ने आगरा मेट्रो टीम की सराहना करते हुए कहा कि आगरा मेट्रो टीम ने विभिन्न चुनौतियों को पार कर प्रथम कॉरिडोर के शेष भूमिगत भाग में टनल निर्माण कार्य पूर्ण किया है, जो कि बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यूपी मेट्रो टीम इस भाग में जल्द से जल्द मेट्रो सेवा प्रदान करने के संकल्प के साथ तेज गति से काम कर रही है। वहीं इस इतिहास के साक्षी बने मण्डल आयुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह जी ने इस उपलब्धि के लिए पूरी मेट्रो टीम को बधाई दी और कार्य प्रगति की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि जल्द ही आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा होगा और प्रस्तावित सभी मेट्रो स्टेशन से यात्रियों को मेट्रो सेवा मिलेगी। ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा के बीच बन रहे प्रथम कॉरिडोर के शेष भूमिगत भाग में इस ब्रेकथ्रू के साथ सिविल निर्माण पूरा हो गया है। बता दें कि स्टेशनों का सिविल निर्माण पहले ही पूरा किया जा चुका है। फिलहाल, सभी शेष चार भूमिगत स्टेशनों (मेडिकल कॉलेज, आगरा कॉलेज, राजा की मंडी एवं आरबीएस कॉलेज) में फिनिशिंग का काम तेज गति के साथ किया जा रहा है। इसके साथ ही इस भाग में तेज गति के साथ ट्रैक आदि सिस्टम का काम किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रथम कॉरिडोर में ताज ईस्ट गेट से मनकामेश्वर मेट्रो स्टेशन तक आगरा मेट्रो का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। प्रथम कॉरिडोर के शेष भूमिगत भाग में चार टीबीएम के जरिए टनल का निर्माण किया गया, जिसमें दो टीबीएम मशीनों को आरबीएस रैंप से आगरा कॉलेज के बीच, वहीं अन्य दो टीबीएम को आगरा कॉलेज से मनकामेश्वर मेट्रो स्टेशन तक टनल निर्माण हेतु प्रयोग किया गया।



## भीषण गर्मी में दिन भर बिजली कटौती से बिलबिलाए आधा दर्जन मोहल्लों के लोग

**हाथरस।** भीषण गर्मी में नगर सिकंदराराऊ में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। मंगलवार को लाइन में फाल्ट के कारण दिनभर नौखेल फीडर की सप्लाई ठप हो गई। वहीं गांवों में 16 से 18 घंटे की कटौती की जा रही है। पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण फसल की सिंचाई के साथ लोगों को पेयजल संकट और गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। मंगलवार को नौखेल फीडर की आपूर्ति सुबह 10-30 बजे से बिजली गुल हो गई, जो शाम तक सुचारू नहीं हो सकी। फीडर की आपूर्ति बंद करने से मोहल्ला नगला शीशगर , शहाबुद्दीन गंज ब्राह्मणपुरी, दमदमा, नौखेल आदि मोहल्ला के लोग भीषण गर्मी के कारण बिलबिला गए। बिजली न आने से लोग गर्मी में व्याकुल होते रहे और पीने के पानी के लिए भी परेशान दिखाई दिए । लेकिन बिजली कर्मचारी और अधिकारी नगर के लोगों की परेशानी से बेखबर बने रहे। बिजली कटौती की समस्या नगर में गंभीर रूप ले चुकी है । आए दिन होने वाली कटौती के कारण लोगों को दिन-रात बिजली कटौती झेलनी पड़ती है। बिजली न आने पर लोग जागकर रात काटते हैं। बिजली आपूर्ति के हालात इतने खराब हैं कि थोड़ी देर के लिए तेज हवा चलने या मामूली सी बूंदाबांदी होने पर भी घंटों के लिए बिजली काट दी जाती है। जिसका जवाब किसी बिजली कर्मचारी या अधिकारी के पास नहीं होता है। गर्मी के मौसम में बिजली न आने से इनवर्टर भी जवाब दे जाते हैं और खासकर बच्चों तथा वृद्धों एवं मरीजों को मुश्किल का सामना करना पड़ता है।

## वरिष्ठ समाजसेवी बौ. विशाल शर्मा का अल्प आयु में निधनः भारी शोक

**हाथरस।** शहर के बुर्ज वाला कुआं निवासी एवं प्रमुख समाजसेवी रहे स्वर्गीय बौ. भगवती प्रसाद शर्मा राशन वालों के ज्येष्ठ पुत्र एवं भाजपा नेता बौ. प्रशान्त शर्मा के बड़े भाई रॉयल रिच रेस्टोरेंट के मालिक बौ. विशाल शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो जाने से उनके पूरे परिवार, समर्थकों और शुभचिंतको आदि में भारी शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय बौ. विशाल शर्मा पिछले कुछ समय से बीमारी के चलते अस्वस्थ चल रहे थे और इसी बीमारी के कारण 49 वर्ष की अल्पआयु में ही उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों, समर्थकों व शुभचिंतकों में भारी शोक की लहर दौड़ गई और उनके आवास पर शोक प्रकट करने वालों का तांता लग गया।स्वर्गीय बौ. विशाल शर्मा अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी श्रीमती नीलम शर्मा, दो पुत्र प्रतीक शर्मा व शौर्य शर्मा, पुत्री एवं माताश्री तथा अपने अनुज भ्राता बौ.प्रशांत शर्मा, भतीजे उदित शर्मा सहित पूरे परिवार को रोते बिलखते छोड़ गये हैं।स्वर्गीय बौ. विशाल शर्मा की अंतिम शवयात्रा उनके आवास बुर्ज बाला कुआं से निकाली गई। जिसमें सभी वर्गों के लोगों की भारी भीड़ शामिल थी तथा उनका अंतिम दास संस्कार शहर के पत्थर वाली शमशान भूमि पर किया गया, जहां पर उन्हें मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रतीक शर्मा द्वारा दी गई।वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय बौ. विशाल शर्मा के निधन पर उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एशोसिएशन (उपजा) के प्रदेश संगठन मंत्री नीरज चक्रपाणि ने भी भारी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है और ईश्वर से दिवंगत की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को धैर्य धारण कराने की प्रार्थना की है।

## बुआ के घर गई किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवकः पिता ने कराया मुकदमा दर्ज

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अछनेरा थाना क्षेत्र में अपनी बुआ के यहा आई 16 वर्षीय किशोरी को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। हाथरस के थाना हाथरस जंक्शन के ग्राम सूजिया अल्तैहपुर चुर्सैन निवासी तथा वर्तमान निवासी शाह नगर बम्ब्रा मुहम्दी मस्जिद के पास टेड़ी बगिया निवासी मुवीन खान पुत्र मुन्ने खान सोमवार को थाना अछनेरा पर दी तहरीर के अनुसार बताया उसकी 16 वर्षीय बेटी सिमरन जो उसकी बहन बेबी पत्नी बंसी के घर ग्राम साधन थाना अछनेरा गई थी पीड़ित का आरोप है कि एक जून को शाम करीब 6 बजे थाना खंदौली के शाह नगर बम्बा निवासी जाकिर पुत्र हुसेनी उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया काफी खोजबीन के बाद उसका कोई पता नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी हैं।

## क्षत्रिय बंधु सेवा समिति के त्रिवार्षिक चुनाव में चरण सिंह राजपूत अध्यक्ष व संजीव सेंगर चुने कोषाध्यक्ष

**हाथरस।** क्षत्रिय बंधु सेवा समिति की विशेष बैठक सासनी-जलेसर रोड स्थित जिया मैरिज होम कस्बा महौ में आयोजित की गई। जिसमें संगठन द्वारा सर्वसम्मति से समिति का पुर्नगठन किया गया। इस दौरान बैठक में क्षत्रिय बंधु सेवा समिति के सभी सदस्यों के अलावा क्षत्रिय बंधु उपस्थित थे।क्षत्रिय बंधु सेवा समिति के जिलाध्यक्ष डॉ. सुदेश राजपूत ने विस्तार से संगठन के महत्व को बताया। समिति के महासचिव प्रदीप सेंगर द्वारा क्षत्रिय बंधु सेवा समिति द्वारा विगत वर्षों में किए गए ऐतिहासिक एवं सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। विनोद ठाकुर ने बताया कि यह समिति सही अनुशासन एवं सही दिशा में कार्य कर रही है। ए.पी. सिंह ने बताया कि संगठन के विस्तार के लिए युवाओं को बढ़-चढ़कर संगठन के लिए कार्य करना होगा। क्षत्रिय बंधु सेवा समिति की उक्त बैठक में निर्वाचन अधिकारी गजेंद्रपाल सिंह की अध्यक्षता में समिति की निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हुई। जिसमें समिति के अध्यक्ष डॉ. सुदेश राजपूत ने सदन के सम्मुख समाजसेवी एवं समिति के अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत को समिति का अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के लिए संजीव सेंगर के नाम का प्रस्ताव रखा और प्रस्ताव का पूरे सदन द्वारा सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए चरण सिंह राजपूत को समिति का अध्यक्ष एवं संजीव सेंगर को कोषाध्यक्ष के रूप में चुने जाने के लिए अपनी सहमति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन विनोद ठाकुर द्वारा किया गया।

## बकरीद पर सभी सूकर बाड़ों में ही रहें सुनिश्चित किया जाए

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा आगामी बकरीद पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी सूकर पालक अपने सूकरों को बाड़ों से बाहर न छोड़े। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 दिवाकर त्रिपाठी ने उक्त के क्रम में सभी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि बकरीद के दृष्टिगत आप अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी सूकर पालकों को अवगत करा दें कि कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपने सूकर को सूकर बाड़ो से बाहर न छोड़े।

## देशी एवं कम्पोजिट मदिरा दुकानों की चेकिंग की

**हाथरस।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश/जिलाधिकारी महोदय के आदेश के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में कुलदीप चौहान आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3, हाथरस मय आबकारी टीम द्वारा जनपद हाथरस के थाना सिकंदरा राऊ अन्तर्गत कपासिया, अगसौली चौराहा व कचौरा की देशी एवं कम्पोजिट मदिरा दुकानों की चेकिंग की गई एवं ग्राम मऊ में दबिश/छापेमारी की कार्यवाही की गई । इसके साथ क्षेत्र में सिकंदरा राऊ स्थित ढाबों की चेकिंग की गई। लोगों को अवैध मदिरा से सावधान रहने के प्रति जागरूक किया गया।

## सीडीओ विभिन्न विकास कार्यक्रमों की 04 जून को करेंगे साप्ताहिक समीक्षा

**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में 04 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से विकास भवन सभागार में विभिन्न विकास कार्यक्रमों की साप्ताहिक प्रगति समीक्षा की जाएगी।

## खेत तालाब योजना में खेत तालाब निर्माण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**अलीगढ़।** जिला भूमि संरक्षण अधिकारी दिव्या मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में वर्षा जल संचयन के लिए खेत तालाब योजना में खेत तालाब निर्माण के लिए कृषक लाभार्थियों का ऑन लाईन चयन किया जाना है। ऑनलाईन पंजीकरण के लिए दर्शन पोर्टल upagriculture.uo.gov.in पर 02 जून से बुकिंग प्रारम्भ हो गई है। उन्होंने बताया कि किसान भाई खेत तालाब निर्माण के लिए तत्काल बुकिंग कर लाभ उठायें, कृषकों का चयन जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्यानुसार प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कृषकों द्वारा पंजीकरण के उपरान्त लघु तालाब के लिए 1000 रूपये की टोकन मनी जमा करना होगी, टोकन मनी जमा होने की ऑन लाईन पुष्टि होने के 10 दिन के अन्दर निर्धारित खेत की खतौनी, लाभार्थी का फोटो व निर्धारित घोषण पत्र अपलोड करना है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या: ELC-08-M05-2025-26 दिनांक 30.05.2025

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाइन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि: कुबेरपुर स्टेशन पर रैंप के साथ 3.0 मीटर चौड़े FOB के विस्तार के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह. कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 2561201.53

पूरी जानकारी एवं टेण्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर केवल वेब पोर्टल Indian Railways website www.ireps.gov.in पर 16.00 बजे तक दिनांक 25.06.2025 तक टेन्डर डाल सकते हैं। 953/25 FA

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

भारत के राष्ट्रपति के ओर से एवं उनके लिये मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, आगरा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये गुल्ड्स खुली आवेदन आमंत्रित हैं-

1. एन.आई.टी. सं.: No. Med/CMS/AGC/Empanelment/25 dated 02.06.2025

2. कार्य का नाम: मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडलीय रेलवे चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा इच्छा की अभिव्यक्ति के आधार पर रेलवे लाभार्थियों के कैशलेस उपचार हेतु मंडलीय रेलवे चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा के पास आने वाले सी.जी.एच.एस./ई.सी.एच.एस./ई.एस.आई.सी से ईम्पैनल्ड प्राईवेट अस्पताल अथवा any other PSU hospital or Charitable hospital को दो वर्ष की अवधि के लिए CGHS Meerut rates- Non- NABH-2014 or their hospital tariff rates (जो भी कम हो) पर मनोनयन करने के लिए आवेदन आमंत्रित करते हैं।

3. परफार्मेंस बैंक गारंटी, डिपोजिट: ₹ 1000,000 (रु.दस लाख केवल) मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल हेतु ₹ 5,00,000 (रु. पांच लाख केवल) धर्मार्थ हॉस्पिटल हेतु ₹ 200000 (रु. दो लाख केवल)- सिंगल स्पेशियलिटी हॉस्पिटल हेतु (उपरोक्त राशि एग्रीमेंट के समय परफार्मेंस बैंक गारंटी के रूप में वांछित हैं), 4. मनोनयन अवधि: दो वर्ष, 5. आवेदन प्रस्तुत करने एवं खुलने की अंतिम तिथि: विज्ञापित होने की तिथि से 4 सप्ताह तक, 6. कार्यालय का पता एवं तिथि जहां प्रपत्र उपलब्ध करने के होंगे: कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडलीय रेलवे चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा में विज्ञापित होने की तिथि से 4 सप्ताह तक, समय 15 बजे तक, 7. वेबसाइट: अतिरिक्त सूचना उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट https://ncr.indianrailways.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 8. आवेदन प्रपत्र का मूल्य नकद/डाक द्वारा: कुछ नहीं। 968/25 FA

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

भारत के राष्ट्रपति के ओर से एवं उनके लिये मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, आगरा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये गुल्ड्स खुली आवेदन आमंत्रित हैं-

1. एन.आई.टी. सं.: No. Med/CMS/AGC/empanelment/25 dated 02.06.2025

2. कार्य का नाम: मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडलीय रेलवे चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा इच्छा की अभिव्यक्ति के आधार पर रेलवे लाभार्थियों के कैशलेस उपचार हेतु मथुरा स्वास्थ्य इकाई, उत्तर मध्य रेलवे, मथुरा के पास आने वाले सी.जी.एच.एस./ई.सी.एच.एस./ई.एस.आई.सी से ईम्पैनल्ड प्राईवेट अस्पताल अथवा any other PSU hospital or Charitable hospital को दो वर्ष की अवधि के लिए CGHS Meerut rates- Non- NABH-2014 or their hospital tariff rates (जो भी कम हो) पर मनोनयन करने के लिए आवेदन आमंत्रित करते हैं।

3. परफार्मेंस बैंक गारंटी, डिपोजिट: रु 1000,000 (रु.दस लाख केवल) मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल हेतु रु.5,00,000 (रु.पांच लाख केवल)- धर्मार्थ हॉस्पिटल हेतु रु.200000 (रु. दो लाख केवल)- सिंगल स्पेशियलिटी हॉस्पिटल हेतु (उपरोक्त राशि एग्रीमेंट के समय परफार्मेंस बैंक गारंटी के रूप में वांछित हैं)

4. मनोनयन अवधि: दो वर्ष

5. आवेदन प्रस्तुत करने एवं खुलने की अंतिम तिथि: विज्ञापित होने की तिथि से 4 सप्ताह तक

6. कार्यालय का पता एवं तिथि जहां प्रपत्र उपलब्ध करने के होंगे: कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडलीय रेलवे चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा में विज्ञापित होने की तिथि से 4 सप्ताह तक, समय 15 बजे तक।

7. वेबसाइट: अतिरिक्त सूचना उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट https://ncr.indianrailways.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

8. आवेदन प्रपत्र का मूल्य नकद / डाक द्वारा: कुछ नहीं। 966/25 (D)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**कार्यालय ग्राम पंचायत धिरोर देहात वि0ख0 धिरोर, जनपद मैनपुरी**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांक मी0/मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/ओ0डी0एफ0प्लस/निविदा/2025-26 दिनांक 02-05-2025

मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/ओ0डी0एफ0प्लस में धनराशि आने की प्रत्याशा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत धिरोर देहात वि0ख0 धिरोर, जनपद मैनपुरी में निम्न कार्य कराये जाने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों को कराये जाने हेतु सामिग्री आपूर्ति हेतु संबंधित फर्मों/सप्लायरों से प्रथक-प्रथक सामिग्री/समस्त हेतु मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 03-05-2025 से 07 05 2025 तक आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 07 05 2025 तक सांय 3 बजे निविदादाता/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय धिरोर देहात से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ 2 प्रतिशत धनराशि नकद/एफ0डी0आर0 के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक से संलग्न करनी हैं

कार्य विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रमांक | कार्य का नाम | सामिग्री की अनुमानित लागत(लाख में) | अग्रिम धरोहर धनराशि राशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सामिग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेत्रपाल के घर से नरेश शर्मा के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 2.68 | 5360 | 200 | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3माह |
| 2 | बिशनू के घर से सत्यवीर के घर तक नाली व सी0सी0 निर्माण कार्य | 2.68 | 5360 | 200 | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3माह |
| 3 | बलवीर के घर से प्रमोद के घर नाली व सी0सी0 निर्माण कार्य | 3.80 | 7600 | 200 | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3माह |
| 4 | नरेन्द्र के घर से राधेश्याम के घर तक नाली व सी0सी0 निर्माण कार्य | 2.90 | 5800 | 200 | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3माह |
| 5 | कुलदीप के घर से पवन के घर तक नाली व सी0सी0 निर्माण कार्य | 3.12 | 6240 | 200 | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3माह |

निविदा की शर्तें-

1- निविदा में प्रस्तुत दरों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का कोई भाड़ा मजदूरी, लोडिंग अनलोडिंग चार्ज देय नहीं होगा।

2 निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद/एफ0डी0आर0 ग्राम पंचायत सचिव के पदनाम से बंधक बनाकर जमा करनी होगी।

3 निविदा स्वीकृत होने पर अनुमानित लागत की अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि नकद/एफ0डी0आर0 जमानत के रूप में जमा करनी होगी।

4 किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र मैनपुरी न्यायालय होगा।

ग्राम प्रधान — ग्राम पंचायत धिरोर देहात, विनख0 धिरोर, जनपद मैनपुरी

सचिव — ग्राम पंचायत धिरोर देहात, वि0ख0 धिरोर, जनपद मैनपुरी

# ब्रज में गंगा दशहरा पर स्वच्छ जल में स्नान कर सकेंगे श्रद्धालु

- यमुना नदी के जल को स्वच्छ- निर्मल बनाने में जुटा जिला प्रशासन
- यमुना घाटों और आसपास चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान
- गंगा दशहरा पर्व पर यमुना स्नान को ब्रज पहुंचते है लाखों श्रद्धालु

सांध्य पहल संवाददाता



**मथुरा।** गंगा दशहरा पर्व को लेकर ब्रज में तैयारियां जोर- शोर से चल रही हैं। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालु यमुना स्नान और पूजा अर्चना को मथुरा- वृंदावन आते हैं। सीएम योगी ने गंगा दशहरा, बकरीद व जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी के निर्देश पर 5 जून को गंगा दशहरा पर्व को देखते हुए नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर निगम द्वारा यमुना नदी के किनारों और घाटो पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यमुना घाटों पर मशीन से सिल्ट को हटाया जा रहा है। घाटों से कूड़ा भी साफ किया जा रहा है। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि गंगा दशहरा के पर्व को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए यमुना नदी में स्वच्छ जल की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए सिंचाई विभाग और दिल्ली के ओखला बैराज से संपर्क किया गया है। जल्द ही यमुना का जलस्तर बढ़ाया जाएगा। श्रद्धालु स्वच्छ जल में स्नान और आचमन कर सकें, इसके लिए निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि गंगा दशहरा पर लाखों श्रद्धालु यमुना में स्नान करने आते हैं। 5 जून को मनाए जाने वाले गंगा दशहरा पर्व को लेकर नगर निगम तैयारी में जुटा हुआ है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ यमुना के विभिन्न घाटो का संयुक्त निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गंगा दशहरा पर यमुना के घाटों पर बैरिकेडिंग कराई जाएगी। साथ ही वहां की सफाई व्यवस्था को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। घाटों पर जमी सिल्ट और गंदगी को हटाया जा रहा है। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध जल मिल सके। इसके साथ ही शहर में जगह- जगह पानी की प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी। यमुना के किनारे स्वास्थ्य कैंप लगाए जाएंगे। गंगा दशहरा वाले दिन एक दर्जन से अधिक गोताखोर भी तैनात किए जाएंगे। स्टीमर के माध्यम से पीएसी के जवान भ्रमण सील रहेंगे। इसके साथ ही घाटों पर वॉलिंटियर भी तैनात किए जाएंगे। जिससे आने वाले श्रद्धालु यमुना के गहरे पानी में स्नान करने ना जाएं। यमुना के घाटों पर कपड़े चेंज करने के लिए अस्थाई स्नान घर बनाए जाएंगे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम के अधिकारी एवं पुलिस फोर्स भी तैनात रहेगी। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। इसको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण की जा रही है। गंगा दशहरा पर्व को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मंदिरों और घाटों के आसपास साफ- सफाई, बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे, और चेंजिंग रूम जैसी सुविधाओं की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गोताखोरों की तैनाती की जाएगी और यमुना का जलस्तर नियंत्रित रखा जाएगा। जगह- जगह सफाई को लेकर कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि दशहरा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा चौकसी बरती जाएगी। साथ ही श्रद्धालुओं के साथ कोई अप्रिय घटना घटित ना हो, इसको लेकर विशेष ध्यान रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष गंगा दशहरा के अवसर पर लाखों श्रद्धालु मथुरा पहुंचकर यमुना में आस्था की डुबकी लगाते हैं।

## युवक से मारपीट: 6 लोगों ने लाठी डंडों से किया हमला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव बरारा के युवक से कुछ दबंगों ने जमकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित ने थाने में दबंगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़ित युवक धर्मवीर बघेल पुत्र विश्मवर बघेल निवासी गांव बरारा थाना किरावली ने तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर से रविवार दोपहर करीब 12 बजे गांव सहारा किसी काम के लिए निकला था। पभी जयपुर हाईवे स्थित गांव सहारा मोड़ स्थित बियर के ठेका के सामने उसको गांव सहारा निवासी लोहरे उर्फ सत्यवीर,पुत्र पीतम सिंह और पवन पुत्र दानवीर व उनके साथी अजीत, गजेंद्र, रवि, तपन ने उसे रोक लिया।और गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की लाठी डंडे से बुरी तरह पीटा शोर सुनकर जब उसका भाई बचाने पहुंचा तो दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। धर्मवीर हिम्मत जुटाकर थाना किरावली पहुंचा।और पुलिस को आपबीती सुनाई। नामजद तहरीर देते हुए जान की सुरक्षा की गुहार लगायी। इंस्पेक्टर किरावली केवल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित का किया भव्य स्वागत

सांध्य पहल संवाददाता



फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की महानगर इकाई के तत्वावधान में महानगर अध्यक्ष अनुज भारद्वाज के नेतृत्व में फिरोजाबाद जनपद के तेजतर्रार आईपीएस सौरभ दीक्षित का भव्य स्वागत और अभिनन्दन किया गया। समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने की उनकी प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर व्यापारी नेताओं ने उनका जोशीला अभिनंदन किया। बड़ी संख्या में एकत्रित होकर पुलिसलाइन उनके कार्यालय पर स्वागत के लिए सैकड़ों व्यापारियों का हुजूम उमड़ पड़ा। भारत माता की जयघोष से समूचा परिसर गूंजायमान हो उठा। दरअसल फिरोजाबाद जनपद की मिली जिम्मेदारी मिलने के बाद सीनियर आईपीएस सौरभ दीक्षित की जनपद में शांति और सद्भावना को स्थापित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिलेभर के अपराधियों और अराजक तत्वों में कानून का खौफ साफ़ देखा जा रहा है। उनकी कार्यकुशलता से प्रभावित व्यापारियों ने महानगर अध्यक्ष अनुज भारद्वाज के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। अपने स्वागत और अभिनन्दन से अभिभूत एसएसपी महोदय ने स्वागत करने वाली टीम का साधुवाद जताते हुए कहा कि मुझे देश की सेवा करने अवसर प्राप्त हुआ है तो मैं इसे पूरी निष्ठा से करूंगा। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को नई दिशा देने का काम करता रहूंगा। इस अवसर पर, उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता, महानगर अध्यक्ष अनुज भारद्वाज, जिला महामंत्री अखिलेश शर्मा, दीपक चौधरी, इमरान खान, ताकि भाई, नाशिर भाई, बूंदा भाई सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हाथरस पुलिस के गैर जिम्मेदाराना रवैए से पत्रकार को नहीं मिल रहा न्याय, सीओ सहाब को कप्तान सहाब का आदेश नामंजूर

### सीओ सादाबाद के सिपाही अभिषेक गौतम कहते हैं कि आरोपी से पैसा लेलो लेकिन मुकद्दमा दर्ज नहीं करेंगे

सांध्य पहल संवाददाता



**सादाबाद/हाथरस।** हाथरस ज़िले के सादाबाद पुलिस छेत्राधिकारी से एक पत्रकार अपने साथ हुई ठगी और जमीन पर अवैध कब्जे शिकायत करने पहले तो कोतवाली सादाबाद जाते हैं, सादाबाद कोतवाली मैं कोई कार्यवाही ना होने पर पीड़ित पत्रकार छेत्राधिकारी सादाबाद से मिलते हैं, तो सादाबाद पुलिस क्षेत्राधिकारी कहते हैं कि आप पुलिस अधीक्षक महोदय हाथरस से मिल लीजिए पुलिस अधीक्षक महोदय से मिलने पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा वापस पुलिस क्षेत्राधिकारी सादाबाद को जाँच के आदेश दिए जाते हैं, जाँच के नाम पर पत्रकार को खूब परेशान किया जाता है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जाती। उसके बाद पुलिस छेत्राधिकारी सादाबाद मैं तैनात पुलिस आरक्षी अभिषेक गौतम के द्वारा आरोपियों से पैसा दिलवाने की बात कहकर मामले में राजीनामा का दबाव बनाया जाता है। इस बात को लेकर पत्रकार वापस पुलिस अधीक्षक हाथरस के पास जाता है और पूरी घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी जाती है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा सादाबाद क्षेत्राधिकारी को फोन पर बात कर आरोपी के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज करने की बात कही जाती है और पत्रकार को आस्वासन दिया जाता है कि पुलिस क्षेत्राधिकारी सादाबाद से मिल लीजिए आपका मुकदमा पंजीकृत कर दिया जाएगा लेकिन पुलिस छेत्राधिकारी सादाबाद से मिलने पर कोई कार्यवाही नहीं की उल्टा पत्रकार पर दबाव बनाकर आरोपी से पैसे दिलवाने की बात कही पत्रकार सभी जगह चक्कर काट काट कर थक चुका है लेकिन पुलिस है कि अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रही है। खबर लिखे जाने तक इस मामले मैं पुलिस के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है और पीड़ित पत्रकार दर-दर भटकने को विवश हैं।

## शाहगंज में मिला युवक का शव: चेहरे पर चोट के निशान, पथौली रोड पर गली में मिली बॉडी, हत्या की आशंका

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** शाहगंज थाना क्षेत्र में वायु विहार कॉलोनी के पीछे पथौली रोड पर एक युवक का शव मिला है। युवक के सिर पर चोट के निशान हैं। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है। लोगों ने बताया कि पथौली में किरन कालोनी के पास गली के अंदर सुनसान जगह पर एक युवक का शव पड़ा था। शाम को वहां से कुछ लोग निकले तो उन्होंने शव देखा। पुलिस को इसकी सूचना दी। मृतक काली रंग की बनियान और पेंट पहने हुए हैं। उसके सिर और मुंह पर चोट के निशान है। ऐसा लग रहा है कि चेहरे पर प्रहार किया गया है। हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया है। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## किरकिरी होने के बाद जमा हुआ सपा कार्यालय का बिल: टोरंट पावर ने 8 दिन पहले काट दिया था कनेक्शन, अब किश्तों में जमा होगा बिल

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** किरकिरी होने के बाद आगरा सपा कार्यालय की बिजली मंगलवार को जुड़ गई है। पूर्व प्रदेश सचिव राजपाल यादव ने अपनी ओर से बकाया बिल जमा किया। उन्होंने टोरंट पावर के नियम के अनुसार, कुल बकाया धनराशि का एक निश्चित हिस्सा जमा कर दिया है, बाकी धनराशि किश्तों में जमा करेंगे। इसके लिए उन्होंने टोरंट को आश्वासन दिया है। फतेहाबाद रोड स्थित सपा कार्यालय का लंबे समय से बिजली का बिल जमा नहीं कराया गया था। बताया जा रहा है कि वर्ष 2010 से अब तक लगभग 1.85 लाख रुपया टोरंट पावर का बकाया था। टोरंट पावर के आने से पहले दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम (डीवीवीएनएल) का 2 लाख रुपए से अधिक का बकाया चला आ रहा था।

**टोरंट पावर ने साधा था संपर्क**

बकाया बिल जमा कराने के लिए टोरंट पावर ने काफी प्रयास किए थे लेकिन पार्टी पदाधिकारियों ने इसका संज्ञान नहीं लिया। इस पर लगभग 8 दिन पहले टोरंट पावर ने कार्यालय का बिजली कनेक्शन काट दिया था।

**कार्यकारिणी तक भंग हुई**

मामला जब पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचा तो इस पर उन्होंने काफी नाराजगी जताई। बीते सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष ने आगरा की जिला और महानगर इकाई को भंग करने के साथ ही आगरा में रह रहे प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारियों का पदमुक्त कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष की इस कार्रवाई को बिजली बिल जमा न करने से जोड़ा जा रहा है लेकिन इसकी अधिकारिक पुष्टी नहीं की गई। इसे सामान्य प्रक्रिया के तहत की गई कार्रवाई बताया गया। किरकिरी होने के बाद मंगलवार को पूर्व प्रदेश सचिव राजपाल यादव ने अपनी ओर से कदम आगे बढ़ाते हुए बकाया बिल का कुछ हिस्सा जमा करा दिया है। बाकी बकाया धनराशि वे किश्तों में जमा करेंगे। इसके बाद टोरंट पावर ने सपा कार्यालय का बिजली कनेक्शन जोड़ दिया।

# यमुना में डूबने से मृत छह बेटियों के परिजनों को सीएम योगी ने दी चार-चार लाख की मदद

## जिलाधिकारी पूरे अमले के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों को ढाढस बंधाया, अन्य अधिकारी भी पहुंचे

सांध्य पहल संवाददाता





**आगरा।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के नगला नाथू (रामी नगला) गांव में आज सुबह एक ही परिवार की छह किशोरियों की यमुना में डूबने से हुई मौत के बाद गांव में मातमी सन्नाटा है। यह घटना न केवल पूरे आगरा बल्कि प्रदेश को झकझोर देने वाली है। प्रशासन की तत्परता और मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता ने संकट की इस घड़ी में परिजनों को कुछ राहत पहुंचाने का कार्य किया है।थाना सिकंदरा क्षेत्र के नगला नाथू गांव में मंगलवार सुबह यमुना नदी में नहाने गई छह किशोरियों की डूबने से मौत हो गई। चार किशोरियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी, जबकि दो ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा। इस दिल दहला देने वाली घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक जताया है और सभी मृतक किशोरियों के परिजनों को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

**देखते-देखते लहरों में समा गया छह किशोरियों का जीवन**

मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे, नगला नाथू गांव की छह किशोरियां यमुना नदी में नहाने गई थीं। गर्मी के चलते पानी में उतरना उनके लिए आम दिन की तरह था, लेकिन कुछ ही मिनटों में यह दिन दुखद हादसे में तब्दील हो गया। अचानक गहरे पानी में जाने से सभी छह किशोरियां डूबने लगीं। वहां मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिसके बाद गांव के कई लोगों ने यमुना में छलांग भी लगाई, लेकिन इन किशोरियों को बचाया नहीं जा सका। पुलिस और प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। रेस्क्यू टीम ने इनमें से दो बच्चियों को गंभीर हालत में यमुना से बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। लेकिन डॉक्टरों की कोशिश के बावजूद दोनों की अस्पताल में मौत हो गई। बाकी चार किशोरियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

**मृतक किशोरियों की पहचान**

-मुस्कान (उम्र 18 वर्ष), पुत्री सुरेश कुमार, निवासी नगला नाथू।

-संध्या (उम्र 12 वर्ष), पुत्री सुरेश कुमार, निवासी नगला नाथू।

-दिव्या (उम्र 13 वर्ष), पुत्री सुरेश कुमार, निवासी नगला नाथू।

-नैना (उम्र 14 वर्ष), पुत्री दिनेश, निवासी नगला नाथू।

-शिवानी (उम्र 17 वर्ष), पुत्री श्री सुंदरलाल, निवासी नगला रामबल, नारइच।

**सोनम (उम्र 12 वर्ष), पुत्री श्री अशोक कुमार, निवासी नगला नेहरा, टेडी बगिया।**

इनमें से शिवानी और सोनम को रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा गया था, लेकिन गंभीर हालत के चलते उन्हें बचाया नहीं जा सका। शिवानी और सोनम के बारे में बताया गया है कि वे रिश्तेदारी में नगला नाथू गई हुई थीं, जहां मौत ने उन्हें अपने आगोश में ले लिया। इस हादसे में नगला नाथू के सुरेश कुमार की तीन बेटियों की मौत हुई है।

**प्रशासन की त्वरित कार्रवाई**

जैसे ही घटना की सूचना मिली, जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी स्वयं पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू ऑपरेशन में गोताखोरों, पुलिस, ग्रामीणों और रेस्क्यू टीम की मदद से सभी बच्चियों को नदी से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल बच्चियों को तुरंत नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।

**मुख्यमंत्री ने जताया गहरा दुख, की आर्थिक सहायता की घोषणा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और कहा कि यह बेहद पीड़ादायक दुर्घटना है। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि मृतक किशोरियों के परिवारों को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि अविलंब उपलब्ध कराई जाए।जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी के अलावा अपर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह, नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल, और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी घटनास्थल व अस्पताल पहुंच गये थे। उल्लेखनीय है कि प्रारंभिक खबरों में यह बताया गया था कि यमुना में डूबी सभी छह बच्चियों की मौत हो गई है, लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि मौके पर चार किशोरियों की मौत हुई थी जबकि दो बच्चियां गंभीर हालत में निकाली गई थीं, लेकिन उन्हें भी बचाया नहीं जा सका। यमुना में आज छह किशोरियों की डूब कर दुखद मृत्यु होने पर भाजपा नेता उपेंद्र सिंह ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पीड़ित पारिवारीजनों को सांत्वना दी। उपेंद्र सिंह और उनके साथ मौजूद सांसद राज कुमार चाहर के पुत्र शूरवीर चाहर ने एसडीएम सदर सचिन राजपूत और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से से वार्ता की और पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## मदरसे के बेसमेंट में लगी आग : कागजात और सामान जलकर राख, कोई हताहत नहीं

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जनपद के थाना मलपुरा क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत धनौली में मंगलवार सुबह एक बंद पड़े मदरसे में आग लग गई। रामबाबू इंटर कॉलेज के पास स्थित इस मदरसे का बेसमेंट 2022 से बंद था। नमाज के लिए जा रहे स्थानीय निवासी अब्दुल हमीद ने मदरसे से उठते धुएं को देखा। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को सूचित किया। मदरसे से उठती आग की लपटों को देख क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक मदरसे में रखे जरूरी कागजात और अन्य सामान जलकर राख हो चुके थे।अब्दुल हमीद ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। इससे आसपास के मकानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा और किसी तरह की जनहानि भी नहीं हुई। थाना मलपुरा की पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग को पूरी तरह बुझा दिया गया।

## ग्वालियर हाईवे पर ग्रामीणों का प्रदर्शन: नगला माकरोल में जलभराव से परेशान लोगों ने नाला निर्माण की मांग की

**आगरा।** आगरा- ग्वालियर हाईवे स्थित नगला माकरोल में जलभराव की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह 7-30 बजे प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने हाईवे जाम करने की चेतावनी दी है। स्थानीय निवासी भूपेंद्र सिंह के अनुसार, हाईवे का पानी गांव की गलियों और घरों तक पहुंच गया है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और कमिश्नर को कई बार इस समस्या से अवगत कराया है।



कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार पिछले 40 दिनों से ग्वालियर रोड के किनारे नाला निर्माण की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। उनका कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा सड़क तो बनवाई गई, लेकिन नाला न होने से गांव में जलभराव की स्थिति बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय विकास के वादे किए जाते हैं। लेकिन कई वर्षों से हाईवे की यह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। प्रदर्शन में भूपेंद्र सिंह, चंदन सिंह, राजेश, जखन जाटव, प्रदीप कुमार, डॉ रामेश्वर, बंटी सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## बिजली के खंभे में करंट से युवक की मौत: सुबह 5 बजे हुआ हादसा, परिवार का आरोप- शिकायत के बाद भी विभाग ने नहीं की कार्रवाई

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** अछनेरा थाना क्षेत्र के गांव मांगरोल जाट में सुबह 5 बजे एक दुखद घटना सामने आई। (20) वर्षीय धर्मवीर नाम का युवक शौच के लिए घर से बाहर निकला था। वह घर के बाहर लगे बिजली के खंभे के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान खंभे में करंट आ गया। युवक को तत्काल आगरा अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मथुरा में काम करता था। परिजनों ने बताया कि इस खंभे में पहले भी करंट आने की समस्या थी। उन्होंने कई बार बिजली विभाग को इसकी शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बिजली विभाग के कर्मचारी को भी बुलाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। परिजनों ने पुलिस से बिजली विभाग की लापरवाही की शिकायत की है।


# आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि में मुस्ताक अली पुत्र श्री मासुक अली आयु 65 साल निवासी ज्योति नगर, पक्की सराय, ताजगंज आगरा उत्तरप्रदेश का रहने वाला हूॅ। यह कि मेरे तीन पुत्र बाहिद, खलिद, शालू मेरे कहने में नही है, और वे गलत संगत में पड गए है, इसलिए मैं परेशान होकर अपने तीनो पुत्रों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूॅ। और सर्व साधारण को सूचित करता हूॅ कि वह मेरे पुत्र बाहिद, खलिद, शालू से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन नही करें,अगर कोई व्यक्ति मेरे पुत्रों से किसी प्रकार की वसूली,दावा, करता है तो वह व्यक्ति स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरा इनके कृत्यों से कोई लेना-देना नही है।

अतः यह आम सूचना सर्वजन हेतु प्रकाशित है जो समय पर काम आवें।

**सूचनाकर्ता**

**मुस्ताक अली पुत्र श्री मासुक अली**

**निवासी-ज्योति नगर, पक्की सराय, ताजगंज आगरा उ.प्र.**

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

## मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर




**रायपुर,कासं.।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशों का पालन करते हुए जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने स्पष्ट कहा कि राजस्व कार्यालयों में कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

त्रुटि सुधार के मामलों में अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने सीमांकन एवं पात्र खसरे के बटांकन जैसे प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने तथा भू-अर्जन, भू-आवंटन मामलों में जल्द आवेदन बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पंचायत एवं आरसीसी (राजस्व न्यायालय) से संबंधित मामलों में पेशी की संख्या बढ़ाने एवं आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की आवश्यकता पर बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में आम जनता को शीघ्र राहत मिले, यह शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार विश्वरंजन, अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान राठौर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण के तहत 6 जिलों में काउंसलिंग पूरी, शिक्षकों को मिली नई पोस्टिंग

**रायपुर,कासं.।** शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के तहत राज्य के 6 जिलों के अतिशेष 1498 सहायक शिक्षकों, प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं की काउंसलिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। अतिशेष शिक्षकों की वरिष्ठता के आधार पर काउंसलिंग की गई। इन शिक्षकों की नवीन पदस्थापना जारी कर दी गई है। कोरबा, सुकमा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार और सूरजपुर में काउंसलिंग पूरी हो चुकी है। मुंगेली, राजनांदगांव, बालोद और दुर्ग जिले में काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। काउंसलिंग में शिक्षकों द्वारा रिक्त स्थानों में से अपने पसंद के विद्यालयों का चयन किया गया। राज्य के कुल 10,463 स्कूलों में से सिर्फ 166 स्कूलों का समायोजन होगा। इन 166 स्कूलों में से ग्रामीण इलाके के 133 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें छात्रों की संख्या 10 से कम है और एक किलोमीटर के अंदर दूसरा स्कूल संचालित है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 33 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें दर्ज संख्या 30 से कम है और 500 मीटर के दायरे में दूसरा स्कूल संचालित है, इस कारण 166 स्कूलों को बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से समायोजित किया जा रहा है। इससे किसी भी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। शेष 10,297 स्कूल पूरी तरह से चालू रहेंगे। उनमें केवल प्रशासनिक और शैक्षणिक स्तर पर आवश्यक समायोजन किया जा रहा है। स्कूल भवनों का उपयोग पहले की तरह ही जारी रहेगा और जहाँ आवश्यकता होगी, वहाँ शिक्षक भी उपलब्ध रहेंगे।

**स्कूलों को मिलेंगे विशेषज्ञ शिक्षक**

दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण यानी तर्कसंगत समायोजन कर रही है। इसका उद्देश्य यह है कि जहां जरूरत ज्यादा है, वहां संसाधनों और शिक्षकों का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित हो। उन स्कूलों को, जो कम छात्रों के कारण समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, उन्हें नजदीकी अच्छे स्कूलों के साथ समायोजित किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर माहौल, संसाधन और पढ़ाई का समान अवसर उपलब्ध हो सके। इससे बच्चों को ज्यादा योग्य और विषय के हिसाब से विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे।

**स्कूलों को मिलेगी सुविधाएं**

स्कूलों में लाइब्रेरी, लैब, कंप्यूटर आदि की सुविधाएं सुलभ होंगी। शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में अब पर्याप्त शिक्षक मिलेंगे। जिन स्कूलों में पहले गिनती के ही छात्र होते थे, वे अब पास के अच्छे स्कूलों में जाकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस बदलाव से शिक्षा का स्तर सुधरेगा।

## रायपुर में GeM पोर्टल पर संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित – शासकीय खरीद प्रक्रिया पर मिली व्यापक जानकारी

**रायपुर, कासं.।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में आज रेडक्रॉस भवन, कलेक्ट्रेट परिसर रायपुर में दो दिवसीय संभाग स्तरीय GeM वर्कशॉप का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों को Government e-Marketplace (GeM) पोर्टल तथा भंडार क्रय नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में रायपुर संभाग के विभिन्न विभागों से आए 126 प्रतिभागियों ने भाग लिया। त्वद्गरूपोर्टल की तकनीकी कार्यप्रणाली, पारदर्शी खरीद प्रक्रिया और विभागीय अनुपालन से जुड़ी जानकारियाँ प्रतिभागियों को दी गईं। प्रशिक्षण का संचालन श्री राकेश तिवारी, GeM प्रशिक्षक (CSIDC) द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र विक्रेताओं हेतु GeM पोर्टल पर कार्यशाला कल 04 जून को रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल श्री रमेन डेका से वन अल्फाबेट फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने भेंट की

**रायपुर,कासं.।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में वन अल्फाबेट फाउंडेशन (आईएटीएसएटी) के संस्थापक श्री रविंद्र दत्त, श्री अभिषेक वर्मा और सुश्री दीक्षा सेट्टी ने भेंट की। उन्होंने आगामी 26 से 28 जुलाई तक इंडोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित होने वाले टेक्सटाइल एक्सपो फेयर में बतौर मुख्य अतिथि श्री डेका को आमंत्रित किया। उन्होंने श्री डेका को बताया कि इस एक्सपो में देश भर के लगभग 100 वस्त्र निर्माता कंपनियों के साथ-साथ विदेशी कंपनियां भी भाग लेंगी। श्री डेका ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इससे लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा मिलेगा। श्री डेका ने इसके लिए राज्य की ओर से हर संभव सहायता की बात भी कही।

### मानसून की गति हुई धीमी, खाड़ी में कोई सिस्टम नहीं बन रहा

**रायपुर,कासं.।** मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि खाड़ी में सिस्टम नहीं बनने के कारण अगले 4 दिनों तक मानसून की वर्षा नहीं होगी। वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा के अनुसार भारत में मानसून समय पूर्व आ गया है। वहीं छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा में दस्तक दे चुका है। यह पहला अवसर है कि 16 वर्ष में पहली बार मानसून आ गया है। मानूसन के दस्तक देते ही पहले तो रायपुर स्थानीय कारणों से वर्षा हुई। इसके पश्चात द्रोणिका और चक्रिय चक्रवात के कारण अंधड़ और वज्रपात हुआ। राज्य में इस समय तेज गर्मी के कारण तापमान बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल मानूसन की गति धीमी पड़ गई है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसर प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है।

# बाढ़ से बचाव को लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने की तैयारियों की समीक्षा, दिए महत्वपूर्ण निर्देश



**रायपुर,कासं.।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने जिले में बाढ़ और आपदा से राहत के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुछ दिनों के भीतर मानसून आने की संभावना है। जिले की सभी तहसीलों और नगर निगम में बाढ़ के संभावित स्थानों को चिन्हित करें। सभी एसडीएम अपने राजस्व अमलों के साथ स्वयं तहसीलों का दौरा करें और ग्रामीणों से चर्चा कर आपदा राहत की कार्ययोजना बनाएं। गांव-नदीतट में गोताखोरों की तैनाती रखें। तैयारियां समय से पूर्व कर ले जिससे बाढ़ जैसी आपदा का सामना सक्षमता और प्रभावी ढंग से कर सके। डॉ सिंह ने कहा कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र और संकटग्रस्त व्यक्ति समूहों की पहचान कर ले। दिव्यांग, बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं एवं धातृ माताओं की सूची विशेष रूप से तैयार कर ले। अभी से ऐसे स्थल को चिन्हांकित कर ले जिनका उपयोग सुरक्षित स्थान के लिए किया जा सके और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ से सबसे अधिक मवेशी प्रभावित होते हैं। उनके लिए भी सुरक्षित स्थान रखें। साथ ही पशुओं को होने वाले संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए दवाईयों का इंतजाम कर लें। खाद्य विभाग उचित मूल्य की दुकानों में राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करें और यह भी जायजा लें कि बाजार में चना, चावल, आटा, गुड, दाल, नमक आदि खाद्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो, ताकि आवश्यकता एवं समयानुसार उपलब्धता में विलंब ना हो। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु परिवहन आदि से संबंधित व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाए। पेयजल की गुणवत्ता शुद्धता को सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त संख्या में क्लोरिन टेबलेट की व्यवस्था कर ली जाए।

चिकित्सा विभाग अभी से बारिश के समय फैलने वाली महामारी जैसे डायरिया, मलेरिया, पीलिया आदि के लिए दवाईयों तथा टेस्ट किट इत्यादि की व्यवस्था कर लें, ताकि उस समय किसी प्रकार परेशानी का सामना ना करना पड़े। साथ ही मोबाइल मेडिकल टीम का गठन कर कर ले। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि बाढ़ से पूर्व जिले की मुख्य सड़कों विशेषकर जिला मुख्यालय से ब्लॉक, तहसीलों, गांवों को जोडने वाली सड़कों की मरम्मत करा ली जाए। पुल-पुलिया की भी मरम्मत करके उन्हें यातायात के लिए सुगम बना लिया जाए। उन्हींने कहा कि बाढ़ के दौरान राहत, बचाव कार्य के लिए मोटर बोट की आवश्यकता होती है अतः बोटों की मरम्मत कर लें साथ ही जेनरेटर, पेट्रोमेक्स, टेंट, खाली सीमेंट की बोरी, लाइफ जैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित हो। जिला स्तरीय अधिकारियों का टास्क फोर्स गठित हो, जो समय समय बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा करें। निगम आयुक्त श्री विश्वदीप ने कहा कि निगम के निचली बस्तियों और कुछ विशेष स्थानों में जो बाढ़ के स्थिति निर्मित होने की संभावना रहती है। इन जगहों पर साफ-सफाई की व्यवस्था कर ली जाए। ताकि पानी का जमाव ना हो।

साथ ही स्वास्थ्य विभाग अपनी टीम को अलर्ट करें। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है जो जिला कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-6 में कार्यरत है। आम नागरिक आपात स्थिति में 0771-2413233 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार विश्वरंजन, अपर कलेक्टर एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी श्री मनीष मिश्रा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# वरिष्ठ पत्रकार ने नमामि गंगे परियोजना पर लगाये भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

## जनपद दौरे पर आये विशेष सचिव नमामि गंगे के डॉक्टर राजेश कुमार प्रजापतिको सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर-** वरिष्ठ पत्रकार एवं एडवोकेट पं0 महेश प्रसाद शर्मा ने 03 दिवसीय जनपद के दौरे पर आये विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग डॉ. राजेश कुमार प्रजापति को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नमामि गंगे योजना के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाये गये।

वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक सांध्य समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ पं0 महेश प्रसाद शर्मा एड0 ने अवगत कराया कि नमामि गंगे परियोजना प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता एवं संकल्पशक्ति का प्रतीक है। उसका उद्देश्य गंगा नदी सहित अन्य जल श्रोतों का संरक्षण, स्वच्छता और सतत् विकास है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये शासन द्वारा सभी जनपदों में विविध कार्य योजनायें संचालित की जा रही हैं। आपने यह भी आरोप लगाया गया कि जनपद में इस योजना के अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं संबन्धित ठेकेदारों की मिलीभगत से गंभीर अनियमिततायें व भ्रष्टाचार सामने आ रहे हैं। वहीं पत्रकार एवं वार्ड सं0 17 के युवा, साहसी, लगनशील पार्षद कुन्दन पाल ने भी कहा कि केन्द्र सरकार की इस योजना में पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है लेकिन आम जनता को इसका लाभ मिलेगा या नहीं यह नहीं कहा जा सकता है इस ऐतिहासिक योजना की गरिमा एवं योगी आदित्यनाथ की छवि को भी पूरी तरह से धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। शहरी इलाके



से लेकर कई गांवों में पेयजल पाईप लाइन बिछाने के नाम पर लंबे अरसे से बनायी गयी सडकों को खोदा गया लेकिन बाद में मरम्मत के कार्य में घोर लापरवाही बरती गई। कहीं मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी गई तो कहीं पर जैसे के तैसे छोड़ दिये गये जिससे आये दिन सडकों पर गुजरने वाली जनता एवं आम आदमी चोटिल हो रहे हैं वहीं जल संरक्षण के लिये निर्मित की जा रही पानी की टंकियों में भी निर्माण सामग्री को गुणवत्ता मानको के अनुरूप नहीं बनाया जा रहा है। टंकियो में दरारे पड रही है इसमें जल भराव की स्थिति अत्यन्त दयनीय है तथा इस योजना के कार्यों की निगरानी और पारदर्शिता के लिये ग्राम स्तर पर किसी प्रकार की जनसुनवाई या सूचना साझा नहीं की जाती कार्यों का मूल्यांकन बिना जनहित के किया जा रहा है।

वरिष्ठ पत्रकार पं0 महेश प्रसाद शर्मा ने जलशक्ति मंत्री प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आदि को डाक के माध्यम से भेजे ज्ञापन में लिखा है कि ठेकेदार के द्वारा एग्रीमेंट के तहत कार्य नहीं किया जा रहा है तथा भ्रष्टाचार के तहत नमामि गंगे पेयजल योजना को पलीता लगाया जा रहा है। आपने लिखा है कि वार्ड सं0 17 में हैमर का जेसीबी में लगाकर आरसीसी रोड को खोदा जा रहा है जबकि एग्रीमेंट में कटर का प्रयोग किये जाने हेतु लिखा गया है। हैमर लगाकर सडकों को बुरी तरह से ध्वस्त किया जा रहा है। जिसको कि मौके पर आकर देखा जा सकता है। कटर का कहीं पर भी उपयोग नहीं किया गया है बल्कि नमामि गंगे परियोजनाओं में बिछायी जा रही पाईप लाईन में अनेक गहरे गडढे हैं जिन्हें ठेकेदार द्वारा सही तरह से बंद नहीं किया गया है जिससे कि वार्ड सं0 15 में एक पिकप पलट गयी थी। यदि समीप के आदमी न बचाते तो अप्रिय घटना हो सकती थी। वहीं पाईप बिछाने तथा ज्वाइन्ट को लगाने में फ्रूड ग्रीस का उपयोग ज्वाइन्ट में किये जाने हेतु एग्रीमेंट में लिखा है लेकिन ठेकेदार के द्वारा कथित अनियमिततायें एवं भ्रष्टाचार करके मोटर वाहनों में प्रयोग करने वाले ग्रीस का उपयोग किया जा रहा है जिससे कि अनेक बीमारियों का होना स्वभाविक है। वहीं एक ठेकेदार ने बतलाया कि जब मुझसे 40 प्रतिशत कमीशन लिया जायेगा तो फिर गुणवत्ता के अन्तर्गत काम होना संभव नहीं है।

समाजसेवी एवं पाल समाज के पूर्व अध्यक्ष नेता करन पाल ने नमामि गंगे परियोजना में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कराने हेतु शासन के जबावदेही अधिकारियों से मांग की है कि यदि सही तरह से इस योजना के कार्यों की जांच हो तो ठेकेदार द्वारा कराये गये कार्यों की पोल खुल सकती है देखना है कि अधिकारी इस ओर क्या कार्य करते हैं।। योजना में कार्यों की निगरानी और पारदर्शिता के लिये ग्राम स्तर पर किसी प्रकार की जनसुनवाई या सूचना आदि का केन्द्र बनाया जाना चाहिए जिससे कि इस योजना में हो रही कथित अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं धांधली पर रोक लगायी जा सके।

# ललितपुर जेल में दी जा रही, वी.आई.पी. को वी.आई.पी. सुविधा

## (सचिव के निरीक्षण में हुआ, भ्रष्टाचार वी.आई.पी. सुविधा का खुलासा)

## सुविधा शुल्क देकर चिटफंड घोटाले वाले भी ऐशो-आराम के साथ काट रहे हैं, जेल






**ललितपुर।** यूपी के अपराधियों की टॉप-10 में शामिल बाहुबलि बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जहीर एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है तो वहीं जेल में निरूद्ध चिटफंड घोटाला करने वाले रवि तिवारी आदि भी अपराधी ऐश-आराम के साथ सुविधा शुल्क देकर काट रहे हैं, जेल। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के औचक निरीक्षण में उजागर हुयी सारी जेल की करतूतें। तकिये के नीचे मिली 5-5 सौ रूपये की गडिडयां। जिला कारागार में विशेष बंदियो के लिये बनाये जाते हैं खास व्यजंन। बंद पडी बैरक खुलवाने पर बोतल में बंद जिन्न बाहर आया। सचिव के औचक निरीक्षण में एक बैरिक का ताला बंद पाया गया था जिसके बारे में पूछे जाने पर जेल प्रशासन की ओर से बताया गया कि उक्त बैरिक का प्रयोग स्टोर व कैंटीन आदि के लिये किया जाता है उस बैरिक को खोलने के लिये बोला गया तो जेलकर्मी इधर उधर झांकने लगे थे एवं अनावश्यक विलम्ब करते दिखे। बार-बार बोलने के बाद उस बैरिक को खोला गया जिसके निरीक्षण में यह पाया गया कि विशेष रूप से वीआईपी बन्धुओं को भोजन तैयार किया जाता है जिसके 2 बडे फ्रिज भी रखे पाये गये जबकि जिला कारागार की पाक शाला में समान रूप से भोजन वितरण किया जाता हैं जिससे यह दर्शित होता है जिला कारागार की विशेष बंदियो को विशेष सुविधायें मुहैया करायी जाती है जेल में निरूद्ध विशेष बंदियो के द्वारा त्योहारो पर सभी को वीआईपी भोजन कराने हेतु मोटी रकम दी जाती है। ताकि उनके विरूद्ध कोई बंदी आवाज न उठा सके। एक सिपाही ने नाम न छापने पर बताया कि माह में वीआईपी लोंगो के द्वारा अधिकारी को मोटी रकम दी जाती है तथा उनका बाहर से आने वाला पैसा भी अधिकारियों के पास जमा रहता है।

ललितपुर जेल में स्व0 अतीक अहमद माफिया का भी एक दिन बोलबाला था जिसके लिये जेल में वीआईपी सुविधायें हासिल थीं। जिसके द्वारा घर जैसी सारी सुविधायें उसे जेल में प्राप्त थीं यानि कि पत्नी के साथ भी वह ऐश आराम फरमाता था। अधिकारियों के आकस्मिक आने या छापा मारने पर उन्हें महिला बैरिक में भेज दिया जाता था। माफिया अतीक अहमद के द्वारा प्रत्येक माह जेल प्रशासन को 3-4 लाख रूपया सुविधा शुल्क के दिया जाता था और उसके खाने पीने के बाहर से आने वाले सामान पर किसी प्रकार की कोई रोक टोक नहीं रहती थी। जेल प्रशासन के द्वारा वीआईपी लोंगो को दी जा रही सुविधा की पोल खुलने पर जेल प्रशासन काफी घबडाया एवं डरा हुआ है और उसे यह आभास भी हो गया है कि जेल के अधिकारियों पर अब गाज गिरना संभव है क्योंकि विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं एवं वीआईपी सुविधाओं का खाका बनाकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भेज दिया है जिनके द्वारा जेल प्रशासन एवं सूबे के मुख्यमंत्री को ललितपुर जेल की सारी करतूतें खोल दी हैं। इससे स्पष्ट है कि एक सप्ताह के अन्दर ही जेल प्रशासन के अधिकारियों पर गाज गिरना तय है जिसमें कि जेल अधीक्षक एवं जेलर के साथ साथ कुछ सिपाहियों पर भी गाज गिर सकती है। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक मुकेश कुमार, जयनारायण भारती, उपकारापाल शकुन्तला देवी, उपकारापाल चिकित्साधिकारी डा0 विजय द्विवेदी व न्यायालय की ओर से रोहित राठौर, विशाल व नदीम खां उपस्थित रहे।

जेल कारागार के प्रशासन पर गाज गिरना पूर्णतः तय है इसके लिये वह कितने ही हाथ पैर मार लें लेकिन उनकी सारी करतूतें काम आने वाली नहीं हैं। जेल में निरूद्ध चिटफंड वालों को भी एक ही बैरिक में रखने का आखिर कारण क्या माना जाये उनके लिये भी जेल प्रशासन द्वारा वीआईपी सुविधायें मुहैया जो करायी जा रही है। यह सब पैसों के बल पर ही संभव है। सत्य ही कहा है कि पैसा बोलता है।

**पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष की हत्या की साजिश में हैं बंद**

जनपद बलरामपुर की नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व अध्यक्ष फिरोज अहमद पप्पू की हत्या की साजिश के आरोप में पूर्व सांसद रिजवान जहीर जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ यूपी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट भी लगाया था। वह. जिला कारागार ललितपुर में जुलाई 2022 से निरुद्ध चल रहे हैं।

### ग्राम भैंसनवाराकलां में दबंगो का आतंक

## पीड्ति रिपोर्ट दर्ज कराने एवं चोंटो का डाक्टरी परीक्षण हेतु पहुंचा कप्तान की चैखट

**भैंसनवाराकलां (पूराकलां)**-तहसील तालबेहट से करीब 25 किमी0 दूरी पर एक पाल समाज का परिवार रहता है जहां पर 30 साल पूर्व आपसी में परिवार द्वारा बटवारा कर लिया गया था तथा अपने अपने हिस्से पर रह रहे थे एवं किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी कि अपने हिस्से की जमीन पर घर के ही बगल में एक मकान का निर्माण कर रहे थे कि दिनांक 26.05.2025 की रात्रि विपक्षीगणों के द्वारा एकराय होकर जिसमें रामरतन, रामविलास पुत्रगण फूला जाति गडरिया, इन्द्रपाल पुत्र रामरतन गडरिया, फूला पुत्र दमरू के द्वारा अपने-अपने हाथों में लाठी-डण्डा व कुल्हाडी थी बिना वजह अशोभनीय गालियां देने लगे तथा बन रहे मकान का विरोध करने लगे थे तथा इसी बात को लेकर विपक्षी उत्तेजित हो गये तथा घर में घुसकर बेरहमी से मारपीट की गयी जिस पर रग्गे आ गया, तो उक्त लोगों ने प्रार्थी के पिता के साथ भी मारपीट की। कि दिनांक- 27.05.2025 को सुबह 10 बजे जब वह अपने कुएं पर था जिनका कि गुपाल, जालम पुत्रगण चिल्लुआ) अहिरवार, श्रीमती रैनाभयित्नि गुपाल, श्रीमती काशीबाई पत्नि जालम अहिरवार, श्रीमती रामलली पत्नि श्रीमती रामविलास, श्रीमती राजवती पत्नि रामरतन एकराय होकर आये थे तथा दीवाल को पटक दिया और घर के ऊपर छाये खप्पर भी तोड दिये। श्रीमती गिरजा पत्नी रामसेवक के साथ अशिष्ट व्यवहार किया गया जिसको कि शरीर में अंदरूनी चोंटे आईं, तोडफोड कर घर में रखे लगभग 10 हजार रूपये के सामान को भी तहस नहस कर दिया था। 112 पुलिस को डायल करने पर आवाज सुनकर विपक्षी भाग गये थे तथा यह धमकी दे रहे थे कि हम लोंगो के पास हरिजन है तुम्हारे परिवार परहरिजन एक्ट का मुकदमा दर्ज करा देंगे क्योंकि पुलिस पैसे वालों की ही सुनती है संपूर्ण परिवार काफी घबडाया एवं डरा हुआ हैं परिवार को कप्तान से न्याय मिलने की आशा दिखलाई पड रही है। वहीं पीडित का यह भी कथन है कि यदि 3 दिनों के अन्दर न्याय नहीं मिलता है तो संपूर्ण परिवार अनशन पर बैठने को बाध्य हो जायेगा इस दौरान घटने वाली घटना के लिये विपक्षी एवं पुलिस प्रशासन स्वयं उत्तरदायी होगी। अब देखना है कि पीडित को न्याय मिलता है या नहीं यह तो समय ही बतलायेगा। पीडित का परिवार वर्तमान में काफी घबडाया एवं डरा हुआ है। पीडिता द्वारा कप्तान को दिये प्रार्थनापत्र में दर्शाये बिन्दुओं के आधार पर एवं प्रार्थनापत्र में श्रीमती गिरजा एवं



रामसेवक पाल के हस्ताक्षर बतलाये गये हैं।

